-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 02.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **होली पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा शहर क्षेत्र चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में होली पर्व के सकुशल संपन्न कराये जाने तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 02.03.2026 को क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह द्वारा शहर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। विशेष रूप से बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीडिंग आदि वाहनों को चेक किया गया। साथ ही सभी जागरुक किया गया। इसके साथ ही जनपद बांदा में बढ़ती हुई चोरी, टप्पेबाजी आदि की घटनाओं के रोकथाम हेतु ई-रिक्शा/ऑटो चालकों/मालिकों को अपने-अपने ई-रिक्शा/ऑटो के सत्यापन हेतु जागरुक भी किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा आमजन से अपील की गई कि होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से मनाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन पर हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।